हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 निगमायुक्त दलीप कुमार ने शिप्रा डैम के जलस्तर की निगरानी...



07 एडीएम ने अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए



खबर संक्षेप में

पीएम किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त का वितरण आज

नलखेड़ा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त का वितरण 30 अक्टूबर को गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जिले में पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा। कलेक्टर डॉ शेर सिंह मीना के मार्गदर्शन में जिले के ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत (पेक्स)स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सहकारी समिति सदस्यों एवं किसानों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के लिए ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर एवं बड़ी स्क्रीन तथा ग्राम पंचायतों में आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की सहायता राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को ई-केवाईसी, आधार एवं बैंक खाते की लिंकिंग तथा भुगतान की स्थिति के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत लालूखेड़ी में शिविर आज

नलखेड़ा। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत जिले में 7 अगस्त से जन विश्वास शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना के मार्गदर्शन में शुक्रवार को नलखेड़ा तहसील के ग्राम लालूखेड़ी में 11 बजे से जन विश्वास शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में क्षेत्र के नागरिक सम्मिलित होकर अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कर सकेंगे। शिविर में जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर सुनकर उनका यथासंभव तत्काल निराकरण करेंगे। जिन समस्याओं का निराकरण मौके पर संभव नहीं हो सकेगा, उनका समयसीमा में निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए जाएंगे। जिला प्रशासन ने संबंधित क्षेत्र के नागरिकों और ग्रामीणजनों से अपील की है कि वे शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कर समाधान करवाएं।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह 1 नवंबर

नलखेड़ा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 01 नवम्बर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह जिला स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई है। इस संबंध में जारी आदेशानुसार जिला मुख्यालय पर स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां, जिला उत्पादों का प्रदर्शन एवं जिले में हुए उत्कृष्ट कार्यों से संबंधित प्रदर्शनी का आयोजन किया जावेगा। जिला स्तर पर होने वाले समस्त कार्यक्रमों की तैयारियों से जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान को अवगत कराया जाकर उनके परामर्श अनुसार कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जावेगा। जिला मुख्यालय पर स्थित समस्त शासकीय भवनों पर 1 नवम्बर की रात्रि में आकर्षक प्रकाश व्यवस्था की जावेगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय प्रमुख की रहेगी। समारोह में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, उद्योगपति, समाजसेवी, धर्मगुरु, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, मीसाबंदी एवं शहीद सैनिकों के परिजन तथा स्व-सहायता समूह एवं स्टार्टअप के पदाधिकारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जावेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 02 नवम्बर को शाम 07 बजे मांगलिक भवन, कंपनी गार्डन के पीछे, कान्वेंट रोड, आगर में किया जावेगा। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी कुशल सिंह डोडवे को नोडल अधिकारी तथा प्राचार्य सीएम राईज स्कूल संजीव उपाध्याय को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

ईंट-भट्ठा संचालकों से मजदूरी के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी का मामला

उत्तर प्रदेश के अमरोहा में बताए गए स्थान से 20 लाख व दो चेक बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

थाना कोतवाली आगर क्षेत्र में ईंट-भट्ठों पर मजदूर उपलब्ध कराने के नाम पर मजदूरी की राशि लेकर मजदूरों को भुगतान नहीं किए जाने के संबंध में प्राप्त शिकायत पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार आरोपी ने स्वयं को मजदूर उपलब्ध कराने वाला एजेंट बताकर उनसे संपर्क किया तथा मजदूरों की व्यवस्था करने का भरोसा दिलाया। शिकायत के अनुसार सितंबर 2026 में मजदूरों को ईंट-भट्ठों पर काम के लिए लाया गया और मजदूरी संबंधी व्यवस्था के नाम पर नौ अलग-अलग अनुबंधों के माध्यम से शिकायतकर्ताओं से नगद राशि प्राप्त की गई। बाद में मजदूरों द्वारा मजदूरी की राशि प्राप्त नहीं होने की जानकारी सामने आने पर ईंट-भट्ठा संचालकों ने पुलिस से शिकायत की। आवेदन एवं उपलब्ध तथ्यों के आधार पर थाना कोतवाली आगर में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



घटना के बाद से पुलिस लगातार कर रही थी प्रयास

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली आगर पुलिस द्वारा घटना के बाद से ही आरोपी की तलाश एवं मामले से जुड़े साक्ष्यों के संकलन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण करने, मुखबिरों से प्राप्त सूचनाओं पर कार्रवाई करने तथा सीसीटीवी फुटेज एवं टोल प्लाजा संबंधी जानकारी के आधार पर आरोपी की गतिविधियों और संभावित आवागमन मार्गों का पता लगाने के प्रयास किए। इन सतत प्रयासों के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंचने में सफल हुई। विवेचना के दौरान प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के अमरोहा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए आरोपी द्वारा बताए गए स्थान तक पहुंच बनाई। पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपी आफताब पिता अच्छन खाँ, उम्र लगभग 35 वर्ष, निवासी अमरोहा, उत्तर प्रदेश के बताए अनुसार अमरोहा से लगभग 15 किलोमीटर दूर फार्मेसी एवं नर्सिंग कॉलेज के पास स्थित ओवरब्रिज के नीचे, एक निर्माणाधीन मकान के समीप बताए गए स्थान से राशि एवं चेक बरामद किए गए। आरोपी की निशानदेही पर कुल 20 लाख रुपये नगद तथा फरियादी के हस्ताक्षर वाले दो चेक विधिवत जप्त किए गए। जप्त सामग्री को प्रकरण में साक्ष्य के रूप में लिया गया है। बरामद राशि एवं चेक की विवेचनात्मक प्रासंगिकता के संबंध में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

पुलिस टीम की सतत मेहनत से मिली सफलता

प्रकरण में तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण, मुखबिर सूचना, सीसीटीवी फुटेज एवं टोल प्लाजा संबंधी जानकारी के आधार पर लगातार प्रयास करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी तक पहुंचकर महत्वपूर्ण बरामदगी की। मामले में आगे की विवेचना जारी है तथा प्रकरण से जुड़े अन्य तथ्यों एवं संभावित संलिप्तता की जांच की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नागेश यादव, उप निरीक्षक संजय कुमार गुनेरा, प्रधान आरक्षक मानवेन्द्र गुर्जर, प्रधान आरक्षक गिरजाशंकर त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक बाबू बाबेरिया, प्रधान आरक्षक जसपाल सिंह, आरक्षक दीपक सोलंकी, आरक्षक विजय दांगी, आरक्षक पवन यादव एवं महिला आरक्षक नीतुराज खिंची की सराहनीय भूमिका रही।

रहवासियों को मिलेगी आवागमन में सुविधा

वार्ड क्रमांक 4 में 18.20 लाख की सीसी रोड का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नगर के वार्ड क्रमांक 4 में विकास कार्यों को गति देते हुए हनुमान मंदिर के पास चौक एवं गलियों में 18.20 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमि पूजन किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष शिप्रा बाई बाबूलाल बीजापारी ने जनप्रतिनिधियों एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। सीसी रोड निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद वार्डवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही सड़क की स्थिति में सुधार होने से स्थानीय रहवासियों को राहत मिलेगी। लंबे समय से बेहतर सड़क सुविधा की आवश्यकता वाले इस क्षेत्र में निर्माण कार्य को बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवसिंह चौहान, सांसद प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेश डीलर, पार्षद ओमप्रकाश पालीवाल, पार्षद दरबार सिंह आर्य, रमेश सूर्यवंशी, विजयालक्ष्मी राजेश माली, पार्षद प्रतिनिधि रचना राजेश शर्मा, पार्षद कालूसिंह बीजापारी, बनेसिंह चौहान, राजेश शर्मा, एल्डरमैन दिनेश अंकल, अंकुर शिंदे, अनिल मालवीय, नीलम शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।इसके अलावा वरिष्ठजन जोरावर सिंह बीजापारी, कन्हैयालाल परमार, महेंद्र पालीवाल, संतोष चावड़ा, नरेंद्र चावड़ा एवं राधेश्याम पड़िहार सहित पत्रकारगण और बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

उच्च शिक्षा विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त पहल...

जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद कार्यक्रम में छात्रों को सामाजिक सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

उच्च शिक्षा विभाग एवं मध्यप्रदेश पुलिस विभाग सामुदायिक पुलिसिंग की संयुक्त पहल पर 28 अक्टूबर को शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आगर-मालवा में जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को कानून, संविधान, नागरिक अधिकारों एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान कर जागरूक, सजग एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे स्वागत एवं संबोधन सत्र से हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. पी. चतुर्वेदी ने अतिथियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया। इसके पश्चात एसडीओपी सुसनेर-नलखेड़ा देवनारायण यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों से अवगत कराते हुए अधिकार, संविधान एवं कानून की नींव विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम के तकनीकी सत्रों में कानून एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। आपराधिक न्याय व्यवस्था,सिद्धांत





और प्रक्रिया विषय पर डीएसपी के. एल. पटेल ने जानकारी दी। निरीक्षक प्रहलाद दहलोंदिया ने महिला एवं बाल संरक्षण तथा समावेशी समाज के महत्व पर प्रकाश डाला। उप निरीक्षक राखी गुर्जर ने साइबर सुरक्षा से संबंधित विषयों पर जागरूक किया।

निरीक्षक सौरव सिंह चौहान ने सड़क सुरक्षा, नशे से दूर रहने तथा हिंसा की रोकथाम से जुड़े विषयों पर जानकारी दी। फर्स्ट रिस्पॉन्डर पुलिस, आपातकालीन संसाधन एवं आपदा प्रबंधनः निरीक्षक (होमगार्ड) कविता सोलंकी ने आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित जानकारी दी। डॉ. मनोज मेडा ने मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथामकल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में डीएसपी के. एल. पटेल ने ह्लएक जिम्मेदार नागरिक के रूप में आगे का रास्ता एवं आभारह्व विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन सायं 5 बजे हुआ। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को कानून एवं संविधान की समझ विकसित करने, साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, नशे से दूर रहने, आपदा के समय उचित सहायता प्रदान करने तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। साथ ही, पुलिस एवं युवाओं के बीच संवाद और विश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है।

जिले में कल राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

नलखेड़ा। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान का स्मरण करने तथा राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सामाजिक सद्भाव एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जन-जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्राप्त निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में जारी निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर जिला प्रशासन द्वारा पुलिस बल तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से 03 से 05 किलोमीटर की एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया जावेगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पुलिस बल, खिलाड़ी, युवा, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं आम नागरिक सहभागिता करेंगे। राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने हेतु समस्त शासकीय, अशासकीय कार्यालयों, महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। इसी क्रम में विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए निबंध, भाषण, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर, स्लोगन एवं लघु वीडियो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जावेगा, जिनके विषय 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' एवं 'युवाओं की राष्ट्रीय एकता में भूमिका' रखी जा सकेगी। आयोजन के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता, आपातकालीन चिकित्सा, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं, शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों एवं शहीद सैनिकों के परिजनों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा।

पुलिस ने नकली दूध बनाने की फैक्ट्री पकड़ी, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़

पुलिस ने नकली खाद्य पदार्थों के निर्माण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम डूंगरखेड़ी में नकली दूध बनाने की फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से करीब 10 लाख रुपये की सामग्री जब्त कर दो आरोपियोंकृष्णपालसिंह और शिवराजसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामस्नेही मिश्रा और एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में शामगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कपिल सौराष्ट्रीय एवं उनकी टीम ने 28 अक्टूबर को ग्राम डूंगरखेड़ी में आरोपियों के घर के बाड़े में दबिश दी। मौके पर नकली दूध बनाने की गतिविधियां संचालित होने की जानकारी सामने आई। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार भीमसिंह खराड़ी तथा जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी धीरेंद्र सिंह जादौन को मौके पर बुलाया गया। खाद्य अधिकारी ने आवश्यक सैंपल कार्रवाई की। इसके बाद पुलिस ने नकली दूध बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री विधिवत जब्त की।

पुलिस के अनुसार, मौके से 25-25 किलोग्राम वजन के मिल्क पाउडर के 6 कट्टे, प्रत्येक 15 लीटर क्षमता वाले वनस्पति के 5 टीन, 14 खाली टीन, एक फिल्टर मिक्सर इलेक्ट्रॉनिक मशीन, गैस भट्ठा, एचपी कंपनी की गैस टंकी और यूरिया के 4 कट्टे मिले। इसके अतिरिक्त एक डीप फ्रीजर, स्टील की कोठी, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, पानी की मोटर तथा 40 लीटर क्षमता की प्लास्टिक केन में भरा लिक्विड सोप भी जब्त किया गया। मौके से दूध भरने की 10 खाली प्लास्टिक केन और दूध की जांच करने वाली 2 इलेक्ट्रॉनिक मशीनें भी मिलीं। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी कृष्णपालसिंह पिता बद्रीसिंह और शिवराजसिंह पिता बद्रीसिंह, दोनों निवासी ग्राम डूंगरखेड़ी, थाना शामगढ़, जिला मंदसौर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। कार्रवाई में शामगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कपिल सौराष्ट्रीय, उपनिरीक्षक ओपी राठौर, प्रधान आरक्षक धनपाल जाट, आरक्षक मोकमसिंह, प्रेम कुमार, सुनील दायमा और महिला आरक्षक ऋतु सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस मुख्यालय की एसओपी व चेकलिस्ट के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करने पर दिया जोर

पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

गुम इंसान एवं गुम बालक संबंधी प्रकरणों में त्वरित पुलिस कार्रवाई, प्रभावी पतासाजी तथा विधिसम्मत विवेचना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 28 अक्टूबर को नवीन पुलिस अधीक्षक कार्यालय, आगर-मालवा में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में उप पुलिस अधीक्षक केएल पटेल, प्रभारी महिला सुरक्षा तथा उपनिरीक्षक राखी गुर्जर द्वारा अनुसंधानकर्ता पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रकरणों में अपनाई जाने वाली वैधानिक प्रक्रिया, अनुसंधान की बारीकियों तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में लगभग 50 से 60 अनुसंधानकर्ता पुलिस अधिकारी-कर्मचारी प्रशिक्षण में शामिल हुए।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि गुम इंसान अथवा गुम बालक संबंधी सूचना प्राप्त होने पर प्रकरण की परिस्थितियों का समुचित आकलन करते हुए केवल गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई सीमित नहीं रखी जाए।



सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों एवं लागू विधिक प्रावधानों के अनुरूप, जहां आवश्यक हो, तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट एफआईआर पंजीबद्ध कर भारतीय न्याय संहिता, 2023 तथा अन्य लागू कानूनों के अंतर्गत उचित धाराएं अंकित की जाएं। गुमशुदा व्यक्ति की पतासाजी में प्रारंभिक समय की महत्ता को ध्यान में रखते हुए तत्काल आवश्यक पुलिस कार्रवाई शुरू करने तथा प्रत्येक प्रकरण में उपलब्ध तथ्यों एवं परिस्थितियों के आधार पर प्रभावी कदम उठाने के निर्देशों पर विशेष जोर दिया गया।

प्रशिक्षण में पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया एवं चेकलिस्ट के अनुसार गुम इंसान एवं गुम बालक प्रकरणों में पतासाजी और विवेचना करने की प्रक्रिया समझाई गई। अपहरण, व्यपहरण, मानव दुर्व्यापार अथवा अन्य अपराध की संभावना पाए जाने पर उपलब्ध सूचना, साक्ष्य एवं परिस्थितियों के आधार पर उचित वैधानिक कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। साथ ही, पतासाजी के दौरान सामने आने वाली प्रत्येक महत्वपूर्ण जानकारी, संभावित स्थानों, संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ तथा तकनीकी एवं अन्य उपलब्ध साधनों से की गई कार्रवाई का विधिवत अभिलेखीकरण केस डायरी में करने की आवश्यकता बताई गई, ताकि विवेचना तथ्यपरक, पारदर्शी एवं प्रभावी बनी रहे।

मानव दुर्व्यापार एवं बालकों से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता और सतर्कता

प्रशिक्षण में मानव दुर्व्यापार से संबंधित प्रकरणों की पहचान, रोकथाम एवं अनुसंधान के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया। मानव दुर्व्यापार से संबंधित होने की पर्याप्त संभावना पाए जाने पर प्रचलित निर्देशों के अनुसार प्रकरण को संबंधित विशेष इकाई को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त गुमशुदा व्यक्ति अथवा बालक के बरामद होने पर उसकी पहचान एवं वैधानिक अभिभावक का सत्यापन कर नियमानुसार तत्काल सुपुर्दगी सुनिश्चित करने संबंधी प्रावधानों पर भी चर्चा की गई।

महिला संबंधी अपराधों की विवेचना एवं साक्ष्य संकलन पर विशेष मार्गदर्शन- प्रशिक्षण में महिला संबंधी अपराधों की प्रथम सूचना एवं विवेचना, उम्र निर्धारण से संबंधित प्रक्रिया, गंभीर अपराधों में प्रभावी पर्यवेक्षण तथा साक्ष्य संकलन को सुदृढ़ बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल किए गए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक प्रकरण में उपलब्ध तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष, समयबद्ध एवं नियमानुसार कार्रवाई की जाए। विवेचना केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि प्रत्येक महत्वपूर्ण पहलू की जांच कर आवश्यक साक्ष्यों का विधिवत संकलन किया जाए।

भंडारी बने अभा श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद के प्रदेश मीडिया प्रभारी

नलखेड़ा। अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद की मध्यप्रदेश इकाई के नवीन पदाधिकारियों की घोषणा गच्छाधिपति नित्य सेन सुरिश्वर महाराज साहब के मंगल आशीर्वाद से प्रदेश संगठन मंत्री रमेश



धारीवाल प्रदेश अध्यक्ष रजत कावड़िया एवं संगठन मंत्री सिद्धार्थ तलेसरा के नेतृत्व में की गई है। इसमें महिदपुर रोड के सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार सचिन भंडारी को प्रदेश मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। उनकी नियुक्ति से नगर सहित जैन समाज में हर्ष का माहौल है। समाजजनों एवं पत्रकार साथियों के साथ जैन पत्रकार परिषद के प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड़ ने बधाई और शुभकामनाएं दीं।

खबर संक्षेप

नेमावर में आयोजित होगा मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर

देवास। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सुशासन को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिले में विकासखंड स्तर पर प्रति शुक्रवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 30 अक्टूबर को नेमावर में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करेंगे। विकासखंड स्तर पर आयोजित किए जा रहे शिविरों के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के दौरान स्थानीय उद्यमियों, निवेशकों एवं स्टार्टअप प्रतिनिधियों, लखपति दीदीयों के साथ 'उद्योग संवाद' कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना, उद्योगों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को समझना तथा उनके त्वरित समाधान के लिए कार्यवाही सुनिश्चित करना है।

भारतीय मजदूर संघ यूनियन ने किया प्रदर्शन

देवास। एसपीएमसीआईएल ईपीएफ ट्रस्ट चुनाव की वर्तमान व्यवस्था में सुधार, सभी इकाइयों को न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व देने तथा चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ द्वारा गुरुवार शाम बैंक नोट प्रेस, देवास के कारखाना गेट पर उच्च प्रबंधन निगम मुख्यालय नई दिल्ली के विरुद्ध नारेबाजी एवं विरोध प्रदर्शन किया। भारतीय मजदूर संघ का कहना है, कि ईपीएफ ट्रस्ट में प्रतिनिधित्व की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए, जिसमें सभी इकाईयों के कर्मचारियों के हितों का उचित ध्यान रखा जाए। ट्रस्ट की छह सीटों के आवंटन के लिए पारदर्शी एवं न्यायसंगत मानदंड निर्धारित किए जाने चाहिए, ताकि बड़ी इकाइयों के साथ-साथ छोटी इकाइयों के कर्मचारियों को भी प्रभावी प्रतिनिधित्व का उचित अवसर मिल सके।बीएमएस संघ ने वर्तमान चुनाव व्यवस्था पर आपत्ति जताते हुए संयुक्त रूप से मतदान नहीं करने का निर्णय लिया है।

कम बारिश ने बढ़ाई चिंता, जलसंकट से निपटने की तैयारी शुरू

निगमायुक्त दलीप कुमार ने शिप्रा डैम के जलस्तर की निगरानी करने के दिए निर्देश

पाइपलाइन लीकेज सुधारने, पानी की बर्बादी रोकने और मोटर लगाकर पानी खींचने वालों पर कार्रवाई को लेकर बैठक में निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



इस वर्ष कम बारिश के चलते जलस्रोतों में पानी का स्तर गिरने की आशंका ने नगर निगम की चिंता बढ़ा दी है। आगामी गर्मी में शहरवासियों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए नगर निगम ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। गुरुवार को महापौर और निगमायुक्त ने निगम सभाकक्ष में जल प्रदाय शाखा के अधिकारियों की बैठक लेकर जल संरक्षण और पेयजल वितरण व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पानी की बर्बादी रोकने, निजी बोरिंग का आवश्यकता अनुसार अधिग्रहण करने तथा वॉटर लॉरी और टैंकरों की व्यवस्था करने पर चर्चा हुई।

पाइपलाइन लीकेज सुधारने के दिए निर्देश

बैठक में निर्देश दिए गए कि शहर में जहां भी पाइपलाइन में लीकेज हैं, उन्हें तत्काल दुरुस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित कर्मचारी नियमित निगरानी करें और सुनिश्चित करें कि कहीं भी पेयजल व्यर्थ न बह रहा हो। बैठक में कार वॉशिंग सेंटरों पर पानी के अनावश्यक उपयोग को रोकने पर भी चर्चा हुई।

निजी बोरिंग और टैंकरों की होगी व्यवस्था

बैठक में पर्याप्त पानी वाले निजी बोरिंग की पहचान कर आवश्यकता के अनुसार उनके अधिग्रहण की तैयारी करने को कहा। नगर निगम के बोरिंग की भी जांच कर उनके व्यवस्थित संचालन के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि गर्मी शुरू होने से पहले पर्याप्त ट्रैक्टर, वॉटर लॉरी और टैंकरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल पहुंचाया जा सके।

डैम के जलस्तर की होगी सतत निगरानी

निगमायुक्त दलीप कुमार ने शिप्रा स्थित डैम के जलस्तर की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण (एनवीडीए) के साथ सतत संपर्क बनाए रखने को कहा, ताकि निर्धारित मात्रा में समय-समय पर पानी उपलब्ध हो सके। आयुक्त ने कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों के माध्यम से भी जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। उन्होंने नलों में मोटर लगाकर पानी खींचने वाले उपभोक्ताओं को चिन्हित कर ऐसा करने से रोकने तथा सड़कों पर पानी व्यर्थ बहाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने को कहा।

सनसिटी चौराहे पर फूटी थी पाइप लाइन, पानी की बर्बादी पर आयुक्त की सख्ती

फर्म पर लगाई 2 लाख की पेनाल्टी



देवास। सनसिटी चौराहे पर फूटी पाइप लाइन से बह गया लाखों लीटर पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सनसिटी चौराहे पर निर्माण कार्य के दौरान पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से बड़ी मात्रा में पानी सड़क पर बह गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने संबंधित निर्माण एजेंसी बैंको कंस्ट्रक्शन फर्म पर 2 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई है। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि पेयजल की बर्बादी और निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सनसिटी चौराहे पर बैंको कंस्ट्रक्शन फर्म द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे बड़ी मात्रा में पेयजल व्यर्थ बहने लगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए निगमायुक्त ने संबंधित फर्म के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके तहत फर्म पर 2 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई गई।जल संरक्षण को लेकर नगर निगम ने आम नागरिकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की। आयुक्त के निर्देश पर वार्ड क्रमांक 38 में सड़क पर पानी बहाने के मामले में रहवासी विजय जैन एवं रुद्राक्ष के विरुद्ध स्वच्छता निरीक्षक विजय सांगते द्वारा 500 रुपए का चालान बनाया गया।

संपत्तिकर बकायादारों पर राजस्व टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम द्वारा बकाया संपत्तिकर की वसूली के लिए सख्ती बरती जा रही है। निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम ने शहर में कार्रवाई करते हुए बकायादारों के प्रतिष्ठानों और संपत्तियों पर कुर्की की कार्रवाई की। इस दौरान वार्ड 43 बालगढ़ स्थित न्यूटेक एजुकेशन सोसायटी का कैंपस सील किया गया, जबकि श्रीमाया होटल और अन्य बकायादारों पर भी कार्रवाई की गई। निगम की टीम ने श्रीमाया होटल पर संपत्तिकर की 1.5 लाख रुपए की राशि बकाया होने पर कुर्की की कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान होटल संचालक ने 50 हजार रुपए जमा कराए। वहीं, वार्ड 43 बालगढ़ स्थित न्यूटेक एजुकेशन सोसायटी पर लगभग 18 लाख रुपए का संपत्तिकर बकाया होने पर कुर्की की कार्रवाई करते हुए कैंपस सील कर दिया गया। इसी प्रकार वार्ड 10 की गोपालराव घाडगे कॉलोनी में लगभग 8 लाख रुपए का संपत्तिकर बकाया होने पर कॉलोनाइजर के प्लॉट पर बने टीन शेड पर कुर्की की कार्रवाई की गई। वार्ड 1 स्थित डेलीबेली रेस्टोरेंट पर भी करीब 8 लाख रुपए का संपत्तिकर बकाया मिला।

निगम की टीम ने रेस्टोरेंट संचालक को बकाया राशि जमा करने की चेतावनी दी। इसके बाद संचालक ने बकाया राशि के पेटे 4 लाख रुपए जमा कराए। निगमायुक्त दलीप कुमार ने बताया कि होटल, रेस्टोरेंट, मॉल और भवनों के जिन संचालकों ने अब तक संपत्तिकर जमा नहीं किया है, उनके विरुद्ध लगातार कुर्की की कार्रवाई करने के निर्देश राजस्व विभाग को दिए गए हैं। निगम का लक्ष्य बकाया राजस्व की वसूली सुनिश्चित करना है।

कार्रवाई के दौरान उपायुक्त वित्त एवं राजस्व दीपक पटेल, राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव, आरएसआई संजय सांगते एवं मनोरमा बर्मन, स्वच्छता निरीक्षक रविकृष्ण गोयनार सहित राजस्व वसूली टीम के अर्जुन पवार, विशाल पाटिल, गौतम तिवारी, आशीष टांक और महेंद्र सिंह भाटी उपस्थित रहे।

नवागत कलेक्टर नेहा मीना ने माता टेकरी पर पूजा-अर्चना कर संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नवागत कलेक्टर नेहा मीना ने पदभार ग्रहण करने से पहले माताजी की टेकरी पहुंचकर मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा की पूजा अर्चना की और जिले की सुख-समृद्धि और शांति की मंगलकामना की। मीना ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि माताजी टेकरी पर आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुरक्षित दर्शन व्यवस्था उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। माता टेकरी पर मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा के दर्शन कर नवागत कलेक्टर ने कलेक्टर कार्यालय पहुंच पदभार ग्रहण किया। मीना भारतीय प्रशासनिक सेवा वर्ष 2014 बैच की अधिकारी हैं।पदभार ग्रहण करने के उपरांत नवागत कलेक्टर मीना ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं, विकास कार्यों और योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी भी ली। मीडिया से चर्चा कर अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं।

कलेक्टर मीना ने कहा कि शहर से संबंधित जो भी विभिन्न मुद्दे पत्रकारों द्वारा सामने लाए जाएंगे, उन पर प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा। उनका विशेष फोकस हेल्थ और एजुकेशन पर रहेगा। उन्होंने बताया कि उनकी पहली पोस्टिंग में उन्होंने कुपोषण को लेकर एक बड़ा अभियान चलाया था।

जिले में उद्यानिकी का काफी स्कोप है, इसे लेकर कैसे विकास किया जा सकता है, इस पर उनका विशेष फोकस रहेगा। साथ ही जिले में वर्तमान में जो चुनौतियां हैं, उनको चिन्हित कर विशेष प्लान बनाकर कार्य किया जाएगा।

मृतकों के परिवारों से मिलने पहुंचे भाजपा सांसद और विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



बीते दिनों जहरीली शराब पीने से समीपस्थ ग्राम चंदाना, बिंजाना में 22 लोगों की असमय ही मौतें हो गई। अकाल मौतों के इस दुखद घटनाक्रम से एक ओर स्थानीय स्तर से लेकर देश, प्रदेश में जहरीली शराब के अवैध कारोबार की सुर्खिया बनी हुई है। इसी बीच बुधवार को देवास शाजापुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ग्राम चंदाना, बिंजाना में जहरीली शराब का सेवन करने से मृतकों के शोक संतप्त परिवारों में पंहुचे। सोलंकी के साथ हाटपीपल्या के विधायक मनोज चौधरी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। सांसद सोलंकी एवं विधायक चौधरी ने शोकाकुल पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाते हुए मृतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोलंकी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह से पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। जहरीली शराब के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए कठोर कदम उठा रही है। उदासीन, लापरवाह अधिकारियों पर कार्यवाही की जा रही है।

पदयात्रा में देवास से शामिल होंगे हजारों कार्यकर्ता

देवास। इंदौर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा आयोजित होगी। इस पदयात्रा में देवास जिले से लगभग 30 हजार पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होकर हुंकार भरेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव ने बताया कि जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों से करीब 30,000 लोग इस अभियान का हिस्सा बनने इंदौर पहुंचेंगे।

खेड़ापति हनुमान मंदिर में महाआरती सुंदरकांड और भंडारा होगा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मौरासा



नगर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा उत्सव के अंतर्गत संस्था श्री खेड़ापति सरकार अध्याय ग्रुप द्वारा 31 अक्टूबर, शनिवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बड़े हनुमान चौक स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में शाम 5 बजे से आयोजित होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।आयोजन के दौरान श्री खेड़ापति हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ भव्य महाआरती और सुंदरकांड का आयोजन भी होगा। इसके पश्चात विशाल भंडारे में धर्मप्रेमी श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री खेड़ापति हनुमान जी की महाआरती के साथ होगा।समिति सदस्यों ने नगर सहित आसपास के क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर श्री खेड़ापति हनुमान जी का आशीर्वाद लेने और भंडारे की प्रसादी ग्रहण करने का आग्रह किया है।

सोनकच्छ क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की शिकायतें, जांच कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कथित अवैध शराब बिक्री को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ स्थानों पर किराना, पान,पंचर और अंडे की दुकानों की आड़ में शराब उपलब्ध कराई जाती है। वहीं, कुछ चाय की गुमटियों में फ्रिज रखकर ठंडी शराब बेचने और बायपास स्थित होटल-ढाबों पर शराब मिलने की भी शिकायतें हैं। क्षेत्र के कुछ स्थानों पर पन्नी में पैक शराब मिलने की बात भी कही जा रही है। गंधर्वपुरी फाटा से पीपलरावां, घटिया भाना फाटा, पिपलिया बक्सू फाटा और रलायती फाटा सहित सोनकच्छ के बस स्टैंड, बायपास रोड, मंडी गेट, डाक बंगला रोड, गढ़ी मोहल्ला और जलेरिया रोड के अलावा सांवेर, नागझिरी व बावई रोड क्षेत्र में भी इस तरह की शिकायतों को लेकर चर्चा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ स्थानों पर मांगने पर शराब उपलब्ध हो जाती है। इन शिकायतों की वास्तविकता जानने के लिए संबंधित स्थानों की जांच आवश्यक है।

घटना के बाद सतर्कता जरूरी

चंदाना-बिंदाना में शराब से जुड़ी मौतों के घटनाक्रम के बाद संदिग्ध शराब की बिक्री और उसकी गुणवत्ता को लेकर चिंता बढ़ी है। ऐसे में सोनकच्छ क्षेत्र में भी शिकायतों के आधार पर जांच अभियान चलाना महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से पन्नी में पैक शराब की बिक्री और उसके स्रोत की जांच से स्थिति स्पष्ट हो सकती है। समय रहते निगरानी और आवश्यक कार्रवाई से संभावित जोखिमों को कम किया जा सकता है।

आबकारी विभाग की कार्रवाई पर नजर

क्षेत्र में सामने आ रही शिकायतों के बीच आबकारी विभाग की निगरानी और कार्रवाई को लेकर भी जानकारी की अपेक्षा की जा रही है। संबंधित विभाग द्वारा शिकायतों की जांच कर तथ्यों के आधार पर कार्रवाई किया जाना जरूरी है।

नवागत कलेक्टर मीना ने ली परिचयात्मक बैठक

फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति और समीक्षा पर किया फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले की नवागत कलेक्टर नेहा मीना ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी समाधान करना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाना ही सरकार और प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने सभी विभागीय प्रमुखों को शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की निरंतर समीक्षा करने और किसी भी स्तर पर लंबित कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मीना ने स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवाओं पर विशेष जोर देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना अनिवार्य है। आमजन से सीधे जुड़े क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर मीना ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए ने कहा कि अधिकारी केवल कार्यालयीन फाइलों और बैठकों तक सीमित न रहें, बल्कि निरंतर मैदानी भ्रमण (फील्ड विजिट) करें।

अधिकारी स्वयं गांवों और विकासखंडों में जाकर विकास कार्यों की वास्तविक जमीनी हकीकत परखें और जनता से सीधा संवाद स्थापित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसुनवाई और मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत आने वाले आवेदनों का संतुष्टिपूर्वक गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जिले में चल रही योजनाओं, निर्माण एवं विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक परिणामोन्मुखी, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित करने के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी पूरी क्षमता और निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रबंधन, दुग्ध उत्पादन का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



राष्ट्रीय दुग्ध विकास कार्यक्रम अंतर्गत इंदौर दुग्ध सहकारी संघ एवं जिला सहकारी संघ रतलाम के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम चापड़ा में दुग्ध उत्पादक किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्र के 100 से अधिक दुग्ध उत्पादक, दुग्ध सोसायटियों के अध्यक्ष और संचालक मंडल के सदस्यों ने भाग लिया।शिविर में मुख्य वक्ता सहकारी प्रशिक्षण केंद्र इंदौर के पूर्व प्राचार्य निरंजन कुमार कसारा एवं के.एल. राठौर, इंदौर दुग्ध संघ के पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक एन.के. पगारे और जिला सहकारी संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिरुद्ध शर्मा ने किसानों को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया।

वक्ताओं ने सहकारी सिद्धांतों, सहकारी अधिनियम, प्रबंधकारिणी समिति के अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा संस्था की उपविधियों की जानकारी दी। साथ ही दुग्ध व्यवसाय को लाभकारी बनाने, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, दुधारू पशुओं के रखरखाव और उन्नत पशु प्रबंधन के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को सहकारिता के माध्यम से दुग्ध उत्पादन और व्यवसाय को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में दुग्ध संघ के पर्यवेक्षक प्रकाश गुर्जर, अनिल भुवालिया, अंकित पटेल, मुकेश बैरागी और नितिन काग सहित क्षेत्र की विभिन्न दुग्ध सोसायटियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला सहकारी संघ के जनसंपर्क अधिकारी पिंकेश भट्ट ने किया। चापड़ा के क्षेत्रीय प्रबंधक कमलसिंह राव ने आभार व्यक्त किया।

प्रयागराज-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन 2026, सपा की पुन: जीत

डॉ. मानसिंह यादव ने भाजपा को चटाई धूल, यूजीसी का छाया मुद्दा

स्नातक एमएलसी चुनाव में सपा की जीत, दूसरी बार डॉ यादव विजयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन 2026 में समाजवादी पार्टी ने ऐतिहासिक और प्रचंड जीत दर्ज कर भाजपा के सियासी किले को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। यू जी सी और शिक्षित युवाओं के आक्रोश के आगे सत्ता पक्ष की तमाम किलेबंदी ढह गई। समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी डॉ. मानसिंह यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर को 27,663 मतों के भारी अंतर से करारी शिकस्त दी। इस शानदार विजय से साबित हो गया है कि प्रदेश का प्रबुद्ध, युवा और स्नातक वर्ग अब बदलाव के मूड में है और उसने समाजवादी पार्टी की नीतियों पर खुला भरोसा जताया है।

ललितपुर में सपा का अभूतपूर्व प्रदर्शन

जनपद ललितपुर में समाजवादी पार्टी की मजबूत जमीनी पकड़ साफ तौर पर नतीजों में परिलक्षित हुई। राजनीतिक जानकारों के अनुसार ललितपुर से कुल पड़े करीब 5,565 मतों में से समाजवादी पार्टी को एकतरफा लगभग 3,500 मत हासिल हुए, जबकि सत्ताधारी भाजपा प्रत्याशी करीब 1,500 वोटों पर ही सिमट कर रह गए। शेष में शिवशंकर पटेल को करीब 300 वोट मिले और लगभग 200 मतपत्र निरस्त रहे। इस आंकड़े ने साबित कर दिया कि बुंदेलखंड के स्नातकों ने भाजपा की नीतियों को सिरे से खारिज कर सपा की लाल टोपी पर भरोसा जताया है।



आंकड़ों में सपा का दबदबा

निर्वाचन में कुल 1,09,482 मतपत्रों की गणना हुई, जिसमें 9,596 मतपत्र निरस्त पाए गए। पहली वरीयता के मतों से ही सपा प्रत्याशी डॉ. मानसिंह यादव ने निर्णायक बढ़त बना ली, जो अंत तक बढ़ती ही चली गई।

- डॉ. मानसिंह यादव (सपा) 60,358 मत (विजेता)
- अशोक कुमार राठौर (भाजपा) 32,695 मत
- शिवशंकर पटेल (निर्दलीय) 3,949 मत
- मानसिंह यादव (निर्दलीय/हमनाम) 829 मत
- अस्वीकृत मतपत्र: 9,596
- जीत का अंतर 27,663 मत

यूजीसी विवाद और कोर वोटर की नाराजगी पड़ी भारी

चुनावी समीक्षा में यह बात स्पष्ट रूप से उभर कर आई है कि भाजपा को अपनी ही सरकार की नीतियों के चलते भारी नुकसान उठाना पड़ा। विशेषकर यूजीसी कानून को वापस न लिए जाने से शिक्षकों, शोधार्थियों और प्रबुद्ध समाज में भारी नाराजगी थी। भाजपा जिस सवर्ण वर्ग को अपना कोर वोटर मानती रही, उस शिक्षित सवर्ण मतदाता ने सत्ता की नीतियों के खिलाफ मतदान केंद्रों से दूरी बनाकर अपना रोष जाहिर किया। रही-सही कसर युवाओं ने सपा के पक्ष में मतदान कर पूरी कर दी।

सपा जिलाध्यक्ष ने दिखाया अपना सियासी कौशल

ललितपुर में मिली इस ऐतिहासिक जीत ने एक बार फिर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष नेपाल यादव की संगठनात्मक क्षमता और राजनीतिक कौशल का लोहा मनवा दिया है। 2025 के नगर पालिका उपचुनाव में दमदार उपस्थिति के बाद अब 2026 के स्नातक चुनाव में भी नेपाल यादव की व्यूह रचना पूरी तरह सटीक बैठी। उनके कुशल नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर जिस आक्रामकता और एकजुटता के साथ काम किया, उसी का परिणाम है कि जिले में भाजपा को बुरी तरह बैकफुट पर धकेल दिया गया। इस जीत के बाद जिले में नेपाल यादव का कद और प्रभाव और अधिक मजबूत हो गया है।

नए क्षेत्रीय अध्यक्ष की शुरुआत में ही छीछालेदर, भाजपा के कागजी शेर ढेर

भाजपा ने यह चुनाव अपने हाल ही में मनोनीत कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू के नेतृत्व में लड़ा था। स्थानीय संगठन और सोशल मीडिया पर अपनी पीठ थपथपाने वाले तथाकथित ह्यस्टार प्रचारकह्न जमीनी धरातल पर महज कागजी शेर साबित हुए। संगठन की अंतर्कलह और स्थानीय नेताओं की लापरवाही ने नए क्षेत्रीय अध्यक्ष की साख पर गहरा बट्टा लगाया है। पार्टी के भीतर ही अब स्थानीय रणनीतिकारों और पदाधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं और माना जा रहा है कि इस लचर प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार नेताओं को शीर्ष नेतृत्व के गुस्से और कोपभाजन का शिकार होना पड़ेगा।

सदर विधायक की छवि को झटका 2027 की दावेदारी पर संकट

इस चुनाव का सबसे बड़ा राजनीतिक नुकसान सदर विधायक रामरतन कुशवाहा को उठाना पड़ा है। स्नातक एमएलसी चुनाव में अधिकांश मतदाता शहरी, शिक्षित और मध्यम वर्ग से आते हैं। शहरी क्षेत्र का यही प्रबुद्ध मतदाता जब भाजपा से पूरी तरह छिटक गया, तो इसने स्थानीय विधायक के कामकाज और उनकी पकड़ की पोल खोल कर रख दी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस करारी हार का सीधा असर रामरतन कुशवाहा की छवि पर पड़ेगा और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में उनकी टिकट दावेदारी पर तलवार लटकना तय है।

जनगणना प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

एडीएम ने अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण अंतर्गत सुपर मार्केट स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में आयोजित जनगणना प्रशिक्षण का एडीएम दिनेश कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना के कार्य को पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी और निर्धारित समयसीमा के भीतर संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता अथवा अनुशासनहीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक एवं विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशिक्षण व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने और निर्धारित समय के भीतर प्रशिक्षण पूरा कराने पर जोर दिया। कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े देश की विकास योजनाओं, नीतियों के निर्धारण और प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण में पूरी गंभीरता के साथ प्रतिभाग करना चाहिए। उन्हें जनगणना से संबंधित प्रक्रियाओं, दिशा-निर्देशों और निर्धारित कार्यप्रणाली की समुचित जानकारी प्राप्त करनी चाहिए, ताकि आगामी जनगणना का कार्य व्यवस्थित, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जा सके।

जनगणना 2027 के कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्य के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। प्रशासन का उद्देश्य जनगणना-2027 के कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न कराना है। प्रशिक्षण के दौरान जिला जनगणना प्रभारी प्रत्यूष यादव, जनगणना लिपिक हबीब खान, जनगणना सहायक लिपिक अमित पाराशर, मास्टर ट्रेनर अंकित सिंह एवं प्रत्यूष पंचौरी, फील्ड ट्रेनर शक्ति सिंह अहिरवार, कल्याण सिंह, आदर्श रावत, सौरभ चौरसिया, अनिल कुमार विश्वकर्मा, भगवान सिंह, वीरेन्द्र कुमार, अभिषेक साहू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

39 बोरी डीएपी और 15 बोरी यूरिया बरामद

मध्यप्रदेश ले जाई जा रही डीएपी व यूरिया से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में खाद की कालाबाजारी और अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चल रही कार्रवाई के बीच राजघाट चौकी पुलिस ने मध्य प्रदेश की सीमा के पास चेकिंग के दौरान खाद से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी। ट्रॉली में डीएपी और यूरिया खाद लदी हुई थी, जिसे कथित तौर पर अवैध रूप से मध्य प्रदेश ले जाया जा रहा था। मामले में जिला कृषि अधिकारी की तहरीर और जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने खाद और ट्रैक्टर-ट्रॉली को अभिरक्षा में लेकर जांच शुरू कर दी है। बीती 28 अक्टूबर को थाना कोतवाली क्षेत्र की राजघाट चौकी पुलिस मध्य प्रदेश की सीमा के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान खाद से लदी एक संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर जांच की गई। वाहन पर बड़ी मात्रा में डीएपी और यूरिया खाद लदी मिली।

तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

इसकी सूचना मिलने पर जिला कृषि अधिकारी रंजीत कुमार चौरसिया ने अपर जिला कृषि अधिकारी और प्रधान सहायक को मौके पर जांच के लिए भेजा। जांच के दौरान वाहन में मौजूद लोगों से खाद की खरीद से संबंधित कैश मेमो और पीओएस मशीन से जारी बिल मांगे गए, लेकिन वे संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में बताया गया कि खाद ललितपुर में नवीन मंडी के सामने स्थित एक उर्वरक की दुकान से अपने एक रिश्तेदार के माध्यम से लाई गई थी। दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने और खाद के परिवहन को लेकर अनियमितताएं सामने आने पर खाद सहित ट्रैक्टर-ट्रॉली को राजघाट चौकी की अभिरक्षा में सौंप दिया गया।

कार्रवाई के दौरान पुलिस और कृषि विभाग की टीम ने कुल 54 बैग उर्वरक बरामद किए। इनमें अन्नदाता ब्रांड की डीएपी खाद के 39 बैग और चंबल ब्रांड की यूरिया खाद के 15 बैग शामिल हैं। इसके अलावा ट्रैक्टर-ट्रॉली भी कब्जे में ली गई, जिसका चेसिस नंबर बताया गया है। जिला कृषि अधिकारी रंजीत कुमार चौरसिया की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों को नामजद किया है।

विरोध करने पर धमकी देकर भागे

जिजयावन में घर के पास अभद्रता कर मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम जिजयावन में आपसी विवाद को लेकर गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने घर के पास पहुंचकर विवाद किया और बीच-बचाव करने आई महिला तथा उसके भतीजे के साथ मारपीट कर दी। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम जिजयावन निवासी लक्ष्मीशंकर पुत्र प्रतिपाल सिंह ने बताया कि 28 अक्टूबर को दोपहर करीब 3.30 बजे गांव के ही मोहर सिंह और उसके परिवार के अन्य सदस्य उनके घर के पास पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान वे गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। लक्ष्मीशंकर की पत्नी प्रेमकुंवर जब बीच-बचाव करने पहुंचीं तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर दी, जिससे उन्हें चोटें आईं। यह देखकर पीड़ित का भतीजा आकाश भी बीच-बचाव करने आया। आरोप है कि हमलावरों ने उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। शिकायत पर पुलिस ने ग्राम जिजयावन निवासी मोहर सिंह पुत्र केरन सिंह, उसकी पत्नी हरकुँवर, पुत्री दीक्षा, पुत्री मधू तथा श्रीवाई पत्नी मुन्नाराजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

सरकारी खजाने को सवा चार करोड़ की चपत

किस्तें डकार गए लाभार्थी, डूडा की सुस्त निगरानी पर भी उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

गरीबों के सिर पर छत मुहैया कराने के दावों वाली प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) प्रशासनिक लापरवाही और फर्जीवाड़े की भेंट चढ़ती दिख रही है। ललितपुर जिले में 496 ऐसे मामले सामने आए हैं, जहाँ सरकारी खजाने से 4.60 करोड़ रुपये की भारी-भरकम रकम तो निकाल ली गई, लेकिन जमीन पर मकान की एक ईंट तक नहीं रखी गई। अब जब पानी सिर से ऊपर निकल चुका है, तब जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) वसूली के लिए तहसील स्तर पर आरसी (रिकवरी सर्टिफिकेट) जारी कर अपनी पीठ थपथपाने में जुटा है। योजना के क्रियान्वयन में सबसे बड़ा झोल भौतिक सत्यापन (फिजिकल वेरिफिकेशन) के स्तर पर उजागर हुआ है। नियमों के मुताबिक, आवास निर्माण की प्रगति के जियो-टैगिंग और स्थलीय निरीक्षण के बाद ही अगली किस्त जारी की जाती है। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि जिन 205 लाभार्थियों ने नींव तक का काम पूरा नहीं किया था, उन्हें दूसरी किस्त के तौर पर 2-2 लाख रुपये की रेवड़ी कैसे बांट दी गई? क्या यह सिर्फ लाभार्थियों की मनमानी है या फिर विभागीय अधिकारियों और दलालों की मिलीभगत से कागजों पर ही निर्माण दिखाकर करोड़ों की राशि हड़प ली गई? 291 लाभार्थियों ने पहली किस्त के 50-50 हजार रुपये (कुल 1.45 करोड़ रुपये) लेकर काम शुरू तक नहीं किया, जबकि 205 लाभार्थियों ने दूसरी किस्त का लाभ भी उठा लिया। कई महीनों तक नोटिस भेजने और समझाने-बुझाने का तमाशा चलता रहा, जबकि नियमानुसार समय रहते निर्माण न होने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए थी। अब पोर्टल से नाम काटकर और आरसी जारी कर विभाग केवल अपनी विफलता पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है। ललितपुर नगर पालिका, महरौनी, पाली और तालबेहट में 501 आवास आज भी अधूरे पड़े हैं। यह स्थिति उन वास्तविक और जरूरतमंद गरीबों के साथ खुला धोखा है, जो वर्षों से एक अदद पक्के मकान के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं।

इनका कहना है...

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाभार्थियों ने शासन से पहली और दूसरी किस्त की धनराशि प्राप्त करने के बाद भी आवास निर्माण नहीं कराया। कई बार नोटिस जारी करने और समझाने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। इसलिए धनराशि की वसूली के लिए आरसी जारी की गई है।

दिनेश कुमार विश्वकर्मा
डूडा विभाग नगरपालिका ललितपुर

एसपी व एएसपी ने कंधे पर तीसरा स्टार लगाया

पदोन्नति, दो उपनिरीक्षकों को मिला निरीक्षक पद, दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद ललितपुर पुलिस विभाग में पदोन्नति के क्रम में उपनिरीक्षक सुजीत मिश्रा और उपनिरीक्षक सियाराम वर्मा को निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी और अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने दोनों पुलिस अधिकारियों के कंधों पर तीसरा स्टार लगाकर उन्हें निरीक्षक पद की नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उपनिरीक्षक सुजीत मिश्रा वर्तमान में पुलिस लाइन ललितपुर में तैनात हैं, जबकि उपनिरीक्षक सियाराम वर्मा थाना कोतवाली तालबेहट में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पदोन्नति के बाद दोनों अधिकारियों के कंधों पर निरीक्षक पद का तीसरा स्टार लगाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी और अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने दोनों अधिकारियों को बधाई दी। अधिकारियों में खुशी का माहौल रहा। पुलिस में पदोन्नति अधिकारियों की सेवा व जिम्मेदारियों का विस्तार का महत्वपूर्ण पड़ाव मानी जाता है।

दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय में किया पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बानपुर पुलिस ने दुष्कर्म के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ महरौनी अरविन्द कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बानपुर पुलिस ने पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 259/2026 में वांछित अभियुक्त ग्राम तेरा निवासी आनंद अहिरवार उर्फ आना भाई को पकड़ा है। उक्त मामले में बीएनएस की धारा 64(1), 74, 333, 352 और 351(3) के तहत अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तारी की कार्रवाई थानाध्यक्ष बानपुर उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ की। इसके बाद अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बजरंग सेना जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर के नेतृत्व में सभी बजरंग सेना के पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को एक शिकायती पत्र सौंपा जिसमें अवगत कराया गया कि विगत सोमवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था लेकिन एसडीएस स्कूल प्रबंधन द्वारा मुख्यमंत्री के आदेश को दरनिकार करते हुए स्कूल को खुला रखा और बच्चों एवं स्टाफ को स्कूल में बुलाकर विद्यालय के निजी कार्य करवाए गए। मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना एक अपराध है।

ज्ञापन में बताया गया कि महर्षि वाल्मीकि हमारे हिन्दू धर्म के पूजनीय ऋषि है जिन्होंने रामचरितमानस की रचना की है जिनकी जयंती सामूहिक रूप से शहर में मनाई जाती है पर विद्यालय खुलने से बच्चे और अध्यापक इससे वंचित रहे। ये मिशनरी स्कूल हमेशा ये हिन्दू धर्म विरोधी कार्यों में लिप्त रहा है समय समय पर अनेक मामले धर्म संस्कृति हिंदुत्व विरोधी गतिविधियां स्कूल में होती रही है जिनका पहला भी विरोध हुआ है बजरंग सेना संगठन ने जिला विद्यालय निरीक्षक से इस मामले पूर्ण रूप से निष्पक्ष जांच करते हुए जल्द से जल्द विद्यालय प्रबंधन पर कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र नायक, जिला महामंत्री राजाराम साहू, जिला सह संयोजक संजू सेन बुढवार, जिला संगठन महामंत्री संतोष कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

हिंदू संगठनों ने घंटाघर पर प्रदर्शन कर जमकर की नारेबाजी

दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में पुलिस कार्रवाई पर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर के मोहल्ला रावतयाना में बीते रोज दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के बाद पुलिस द्वारा की गयी कार्रवाई से संतुष्ट न हुए एक पक्ष के साथ हिंदू संगठनों बुधवार को घंटाघर पर प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की है। काफी समय प्रदर्शन चलने के बाद सदर एसडीएम पटेल सदर क्षेत्राधिकारी अजय कुमार ने मौके पर पहुंच कर हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों व पीड़ित पक्ष को न्याय उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाने के उपरांत प्रदर्शन समाप्त हो गया।

नगर के मोहल्ला रावतयाना निवासी फरान पुत्र बबलू फरद खान व उसके परिजनों पर मोहल्ले में रहने वाले रंजीत पुत्र लखन नामदेव व उसके परिजनों ने मारपीट कर घर छोडक़र भाग जाने के गंभीर आरोप लगाये थे। पुलिस ने दोनो पक्षों की शिकायती पत्र पर दोनो पक्षों के खिलाफ शांतिभंग की कार्यवाही की गयी थी। लेकिन पुलिस की इस कार्रवाई से रंजीत व उसके वृद्ध माता पिता संतुष्ट नही थे। यह जानकारी लगते ही हिंदू संगठन सामने आ गये, राष्ट्रीय बजरंग दल, बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी अपने कार्यकर्ताओं के साथ रंजीत के परिजनों के साथ घंटाघर पर जा पहुंचे। जहां पीड़ित पक्ष के साथ प्रदर्शन शुरू करते हुये पुलिस प्रशासन की कार्यवाही को महज खानापूर्ति बताते हुये नाराज होकर जमकर नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शन के दौरान यातायात व्यवस्था काफी समय तक बाधित रही। लोगो को आवागमन में काफी समस्या का सामना करना पड़ा, कोतवाली पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन वह अपने मांग को लेकर प्रदर्शन करते रहे। सदर क्षेत्राधिकारी अजय कुमार ने मौके पर पहुंच कर प्रदर्शनकारियों को न्याय उचित कार्यवाही का आश्वासन देने के बाद प्रदर्शन आखिरकर समाप्त हो गया।



दो पदाधिकारियों में हुआ विवाद

घंटाघर पर हिंदू संगठनों द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन के दौरान अचानक पुतला जलाने को लेकर दो पदाधिकारियों के बीच विवाद हो गया। आपसी विवाद के बाद पुतला दहन करने की योजना विफल हो गयी। हिंदू संगठनों द्वारा शिकायकर्ता की शिकायत पर की गयी पुलिस द्वारा कार्यवाही को लेकर आक्रोशित होने की बात कही गयी है।

एक व्यक्ति के साथ मारपीट की चर्चा

बताया जा रहा है कि घंटाघर पर चल रहे प्रदर्शन के दौरान दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति द्वारा घंटाघर पर आकर विरोध करने पर हिंदू संगठन के एक व्यक्ति ने उसके साथ मारपीट कर देने की भी चर्चा जोरों पर बनी हुई है। फिलाहल इस बात को लेकर पुलिस व हिंदू संगठनों के पदाधिकारी चुप्पी साधे हुये है।

नगर पालिका से की कार्रवाई की मांग

रावतयाना गोविंद नगर में आवारा कुत्तों का बच्चों व बुजुर्गों पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर के वार्ड नंबर 23 स्थित रावतयाना गोविंद नगर में आवारा कुत्तों के आतंक से मोहल्लेवासी परेशान हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में घूम रहे कुछ आवारा कुत्ते बच्चों और बुजुर्गों को काट रहे हैं। इससे लोगों में दहशत का माहौल है और अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। मोहल्लेवासियों ने बताया कि कुत्तों के हमले की आशंका के चलते अब बच्चों को अकेले स्कूल भेजने में भी डर लग रहा है।

स्थिति यह है कि गुरुवार को कई अभिभावक डंडे लेकर बच्चों को लेने स्कूल पहुंचे, ताकि रास्ते में आवारा कुत्तों से बच्चों की सुरक्षा कर सकें। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी बड़ी घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका परिषद से मांग की है कि वार्ड नंबर 23 के रावतयाना गोविंद नगर में घूम रहे आवारा कुत्तों की समस्या का जल्द समाधान कराया जाए। लोगों ने संबंधित कर्मचारियों को भेजकर स्थिति का जायजा लेने और बच्चों, बुजुर्गों सहित अन्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि आवारा कुत्तों के कारण रोजमर्रा के कामकाज और बच्चों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।



प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा

जमीन, मकान व दुकान को लेकर छोटे भाई की हत्या के दोषी भाई-भाभी को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

न्यायालय के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अतुल राज भलावी ने छोटे भाई की हत्या के मामले में दोषी बड़े भाई बाबूलाल पुष्पद और उसकी पत्नी सोना बाई पुष्पद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों दोषियों पर तीन-तीन हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। दोनों दोषी कीड़ी रोड, सारंगपुर, जिला राजगढ़ के निवासी हैं। शासन की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त लोक अभियोजक शिव प्रसाद शर्मा ने बताया कि घटना 15 अगस्त 2025 की सुबह करीब 7 बजे की है। जब पूरा देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा था, उसी दौरान जमीन, मकान और दुकान के किराए से जुड़े विवाद में बाबूलाल और उसकी पत्नी सोना बाई ने अपने छोटे भाई कमल पुष्पद की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। आरोप के अनुसार, सोना बाई ने हत्या में अपने पति का साथ दिया था।


मृतक कमल पुष्पद


दोषी सोना बाई


दोषी बाबूलाल पुष्पद

परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर सुनाया फैसला

घटना की सूचना मिलने पर सारंगपुर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। मामले में मृतक की माता प्रत्यक्षदर्शी थीं, लेकिन लकवा होने के कारण न्यायालय में उनके बयान दर्ज नहीं हो सके। ऐसे में अभियोजन का पूरा मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित रहा। अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में 18 गवाहों के बयान दर्ज कराए। इसके अलावा आरोपी बाबूलाल से जब्त कुल्हाड़ी और कपड़ों को परीक्षण के लिए एफएसएल भेजा गया था। गवाहों के बयानों और एफएसएल रिपोर्ट सहित प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को हत्या का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

मृतक की पत्नी को प्रतिकर दिलाने की अनुशंसा

प्रकरण में मृतक की पत्नी को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए मध्य प्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, 2015 के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ को प्रतिकर प्रदान करने की अनुशंसा भी की गई है। मामले की संपूर्ण विवेचना सारंगपुर थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा ने की, जबकि शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक शिव प्रसाद शर्मा ने पैरवी की।

आंख फोड़ने के मामले में चार दोषियों को 5-5 साल का कारावास 25-25 हजार का अर्थदंड लगाया





सारंगपुर। एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसकी आंख फोड़ने के मामले में सारंगपुर न्यायालय ने चार दोषियों को पांच-पांच साल के सश्रम कारावास और 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश तरुण सिंह की अदालत ने साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर यह फैसला सुनाया। अतिरिक्त लोक अभियोजक बृज किशोर चौहान ने बताया कि ग्राम कड़िया सांसी निवासी अर्जुन, सतवीर, बसंत और चेतन ने 4 अप्रैल 2021 को शाम करीब 5.30 बजे पुरानी रंजिश के चलते एकमत होकर रामनारायण के साथ मारपीट की थी। आरोपियों ने फरसी और लात-घूंसों से हमला किया, जिससे रामनारायण की आंख फूट गई थी। मामले में बोड़ा थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया था। प्रकरण की सुनवाई द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश तरुण सिंह के न्यायालय में हुई। न्यायालय ने चारों को दोषी ठहराया।

ई-कचरा संग्रह अभियान से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सुरक्षित निस्तारण व पुनर्चक्रण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होली एंजल्स किड्स एकेडमी द्वारा ई-कचरा संग्रह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से लोगों को पुराने और अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उचित निस्तारण करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

विद्यालय की इस पहल में ई-कचरा संग्रह पात्र में रखा पुराना की-बोर्ड लोगों को यह संदेश देता है कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब होने के बाद भी उनके सुरक्षित निस्तारण की जिम्मेदारी बनी रहती है। मोबाइल फोन, कंप्यूटर, चार्जर, टेलीविजन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपयोग के बाद ई-कचरे का हिस्सा बन जाते हैं। इन्हें सामान्य कचरे में फेंकने या असुरक्षित तरीके से नष्ट करने से पर्यावरण को नुकसान पहुंचने का खतरा रहता है। वहीं, इन उपकरणों में मौजूद कई उपयोगी सामग्रियों को पुनर्चक्रण के माध्यम से दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है।

ग्राम विकास को लेकर प्रस्फुटन समिति की बैठक संपन्न



सारंगपुर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सारंगपुर के अंतर्गत ग्राम बिलोदा पाल में जिला समन्वयक प्रवीण पवार के नेतृत्व में प्रस्फुटन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए समिति द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में वृक्षारोपण, नवांकुर संस्था के माध्यम से पौधों का वितरण, नारी शक्ति अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों, सुंदरकांड समिति के आयोजन, संस्कार केंद्र के संचालन तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग देने वाले कार्यकर्ताओं के प्रयासों पर चर्चा की गई। साथ ही गांव में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और सामाजिक गतिविधियों में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान कार्य कराने पर विचार-विमर्श किया गया, ताकि ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को बढ़ावा मिल सके। बैठक की अध्यक्षता ग्राम सरपंच नारायण सिंह ने की।

सनातन धर्म के मूल आदर्शों मंदिरों में चढ़ावे की पारदर्शिता को लेकर निकाली पदयात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के माध्यम से सत्य, न्याय, सदाचार, शांति और धार्मिक आस्था के सम्मान का संदेश दिया जा रहा है। यात्रा से जुड़े संदेश में सनातन धर्म के मूल आदर्शों तथा धर्म के स्वाभिमान की रक्षा के संकल्प पर जोर दिया गया है। यात्रा के दौरान दिग्विजय सिंह की ओर से मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए जाने वाले दान की पारदर्शिता और जवाबदेही का मुद्दा भी उठाया जा रहा है। राम मंदिर में देशभर के श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए चढ़ावे के उपयोग और उससे जुड़ी कथित अनियमितताओं को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही मतदाता अधिकारों और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता से जुड़े विषय भी यात्रा के प्रमुख मुद्दों में शामिल हैं।यात्रा 28 अक्टूबर को राजगढ़ जिले के खुजनेर पहुंची। नगर में आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।

गुलावता के पंचमुखी हनुमान मंदिर से शुरू हुई पदयात्रा-निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 28 अक्टूबर को सुबह 8 बजे ग्राम गुलावता स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर से पदयात्रा प्रारंभ हुई।

एडवांस किड्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने किया उदयपुर का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के एडवांस किड्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने विद्यालय द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत राजस्थान के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल उदयपुर का भ्रमण किया।इस शैक्षणिक यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक स्थलों का अवलोकन कर ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त किए। विद्यालय के विद्यार्थी बसों के माध्यम से उदयपुर के लिए रवाना हुए। उदयपुर पहुँचने के बाद विद्यार्थियों ने सबसे पहले पिछोला झील, सिटी पैलेस, जगदीश मन्दिर,लोक कला मंडल, बाहुबली हिल्स एवं सात सहेलियों की बाड़ी सहित शहर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध सिटी मॉल एवं हस्तकला बाजार में खरीदारी की और उदयपुर की संस्कृति एवं स्थानीय कला को करीब से जाना। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मनोरंजन के साथ-साथ ऐतिहासिक धरोहरों, कला एवं संस्कृति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।प्रधानाचार्य ई. के. जोशी ने सफल शैक्षणिक भ्रमण के लिए सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी। भ्रमण के दौरान जो स्टाफ सदस्य साथ थे उन्होंने ने विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं सहित उदयपुर की ऐतिहासिक जानकारी भी विशेष तौर पर विधार्थियों को देकर उद्देश्य गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास कराना था।इस प्रकार के भ्रमण से बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होते हैं तथा उनमें आत्मनिर्भरता, अनुशासन, आपसी सहयोग और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।



मंदसौर के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते पदक

4 स्वर्ण और 2 रजत सहित कुल 6 पदक जीतकर जिले का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



मुरैना जिले में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कलारीपयट्टू फेडरेशन कप प्रतियोगिता में मंदसौर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 6 पदक हासिल किए और जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीतकर अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिचय दिया, साथ ही बेस्ट परफॉर्मेंस मेल का अवार्ड भी अपने नाम किया।

मंदसौर जिला कलारीपयट्टू एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विजय कोठारी ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में जिले के 3 खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया और अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन करते हुए पदक अर्जित किए। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि से जिले के खेल जगत में हर्ष और उल्लास का माहौल है।

प्रतियोगिता में सोनू मेघवाल ने उरुमी एवं शील्ड में स्वर्ण पदक, तुषार गुर्जर ने उरुमी में स्वर्ण पदक और दिव्यांश सोलंकी ने चौडूकल में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके अलावा दिव्यांश सोलंकी एवं सोनू मेघवाल ने कुरुवडी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किए।

नाहरगढ़ की प्रतिभा डॉ. मुकेश गिरी गोस्वामी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहरगढ़/मंदसौर



क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि नाहरगढ़ के डॉ. मुकेश गिरी गोस्वामी को भोपाल में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उन्हें संवाद करने का अवसर भी मिला।

डॉ. मुकेश गिरी गोस्वामी एवं उनकी पत्नी प्रियंका गिरी गोस्वामी को श्री केवल श्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, इंदौर के उत्कृष्ट संचालन के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। यह उपलब्धि शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण, परिश्रम और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। डॉ. मुकेश गिरी गोस्वामी ने इस सम्मान के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही, सफल आयोजन के लिए जी न्यूज मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ की पूरी टीम का धन्यवाद किया। उन्होंने इस उपलब्धि को पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। उनके सम्मानित होने की खबर से नाहरगढ़, मंदसौर और इंदौर के शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। विभिन्न लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

किसानों की राह होगी आसान, दहीहांडी मार्ग पर 4.76 करोड़ से बनेगा उच्चस्तरीय पुलः अर्चना चिटनिस



बुरहानपुर। विधायक अर्चना चिटनिस के प्रयासों से दहीहांडी से बड़सिंगी को जोड़ने वाले शाहपुर-संग्रामपुर मार्ग पर 60 मीटर लंबे उच्चस्तरीय पुल का निर्माण होने जा रहा है। इसके लिए 4.76 करोड़ (476.52 लाख) की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है और टेंडर के बाद वर्क ऑर्डर भी जारी हो चुका है।

बारिश के दौरान इस मार्ग पर पानी भर जाने और बाढ़ आने से आवागमन बंद हो जाता था। इससे सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को होती थी। उन्हें फसल मंडी तक ले जाने में दिक्कत आती थी और ग्रामीणों को भी रोजमर्रा के कामों में बाधा आती थी। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को अर्चना चिटनिस ने गंभीरता से लिया और शासन स्तर पर पहल की, जिसके बाद पुल को मंजूरी मिली। इस पुल के बनने से वर्षाकाल में दहीहांडी, बड़सिंगी और आसपास के गांवों का संपर्क बना रहेगा। किसानों को उपज परिवहन में आसानी होगी और ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। पुल निर्माण की स्वीकृति पर अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल का आभार व्यक्त किया है।

अकीदत के साथ संपन्न हुआ ऑल इंडिया नातिया मुशायरा

मंदसौर। हजरत बाबा बदीउद्दीन जिंदाशाह मदार रहमतुल्लाह अलैह के उर्स मुबारक के मौके पर मदारपुरा मंदसौर स्थित हजरत दादा मदार रहमतुल्लाह अलैह के आस्ताने (चिल्ला शरीफ़) पर एक भव्य ऑल इंडिया नातिया मुशायरा (तरही) का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गद्दीनशीं सूफ़ी मोहतरम मोहम्मद अली शाह की जेरे सरपरस्ती में संपन्न हुआ, जिसकी सदारत प्रसिद्ध लेखक, चिंतक, विचारक एवं शायर एडवोकेट जनाब अख़्तर अली शाह 'अनन्त' साहब (नीमच) ने की और निजामत के फर्ज मोहतरम सूफ़ी हजरत बाबू खां मेव साहब ने बखूबी निभाए। इस मुशायरे में दिए गए तरही मिसरे पर हजरत दादा मदार रहमतुल्लाह अलैह की शान में शायरों ने मनक़बत का नजराना अक़ीदतमंदी और पुरखुलूस अंदाज में पेश किया। अपनी रचनाएं प्रस्तुत करने वाले शायरों में अख़्तर अली शाह, 'अनन्त' , सूफ़ी हजरत बाबू खां मेव , फ़जले हयात (जावरा), इजहार जबलपुरी, मेराज जबलपुरी, जनाब आरिफ़ अबरार , असद अंसारी , मास्टर सलीम , कलीम शाह , गोपाल बैरागी , अजीजुल्लाह ख़ान ख़ालिद और हूर बानों शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान सूफ़ी मोहम्मद अली शाह एवं मेहमूद दीपलिया ने भी हम्द, नात और मनक़बत का नजराना पेश कर महफिल में समां बांध दिया। इसके अलावा, मोहतरम मौलाना सूफ़ी सादिक़ अली ने हजरत दादा मदार रहमतुल्लाह अलैह की सवाने हयात (जीवनी), करामात और उनके ऐतिहासिक पहलुओं पर विस्तार से रोशनी डाली। इस रूहानी और मजलिसी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की।

शासन और जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है मीडियाः कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

नवागत कलेक्टर विवेक कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेसवार्ता संपन्न हुई। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों के साथ जिले की वर्तमान स्थिति, जनसमस्याओं, विकास की संभावनाओं और प्रशासन की प्राथमिकताओं पर चर्चा की गयी। कलेक्टर कुमार ने कहा कि मीडिया, शासन और जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है। मीडिया के माध्यम से जनसमस्याओं एवं जनहित से जुड़े विषयों की जानकारी प्रशासन तक आसानी से पहुंचती है। उन्होंने कहा कि जिले में हो रहे अच्छे कार्यों, सकारात्मक प्रयासों एवं विकास गतिविधियों को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाना चाहिए, ताकि शासन-प्रशासन की जनहितकारी पहलों की जानकारी आमजन तक पहुंचे। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से प्रशासन के साथ सहयोग एवं समन्वय बनाए रखने की अपेक्षा भी की। प्रेसवार्ता के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने जिले की जनसमस्याओं से जुड़े विभिन्न विषयों से अवगत कराया।

पेंशनर महासंघ की नगर इकाई की मासिक मिलन बैठक सम्पन्न



मन्दसौर। सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ मन्दसौर नगर इकाई की मासिक मिलन बैठक पं. दीनदयाल उपाध्याय वृद्धजन सेवा केन्द्र मन्दसौर पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्रवणकुमार त्रिपाठी ने की । मंच पर जिला उपाध्यक्ष रमेशचंद्र चन्द्रे, नगर उपाध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा, जिला सचिव चन्द्रकान्त शर्मा व डॉ. देवेंद्र पुराणिक उपस्थित थे। बैठक का शुभारंभ मंचासीन बन्धुओं ने भारत माता व सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया । बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई जिसमें नगर मे अभी तक हुई सदस्यता की जानकारी मोहल्ला इकाई के अध्यक्षों द्वारा दी गई। संगठनात्मक विषय पर चर्चा में वर्ष 2027 में जिला कार्यकारिणी के पुनर्गठन के पूर्व सभी मोहल्ला इकाइयों का मार्च 2027 तक पुनर्गठन करने का निर्णय लिया। बैठक में मोहल्ला इकाई से कोमल वाणवार, विष्णुलाल भदानिया, बालाराम धनगर, अजीजुल्ला खान, सुरेंद्र कुमार जोशी, प्रकाश जैन, प्रहलाद सोनी, भूपेन्द्र कुमार तिवारी, देवकीनंदन पालरिया, धर्मेंद्र शर्मा, भूपेश पाण्डे, सुरेशकुमार शर्मा, भोलाभारती सोनी, अम्बालाल चन्द्रावत, एस एन श्रीवास्तव, रमेश पुरोहित सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अशोक नागदा ने किया व आभार अजीजुल्ला खान ने माना। बैठक के अंत में नगरी इकाई के सचिव देवीलाल परमार के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि दी गई।

6 से 7 हजार मकानों में 50 से 60 प्रतिशत त्रुटियां होने का ग्रामीणों का दावा

नाहरगढ़ में ड्रोन सर्वे के रिकॉर्ड में गड़बड़ी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नाहरगढ़/मंदसौर

ग्राम पंचायत नाहरगढ़ में ड्रोन सर्वे के आधार पर तैयार किए गए मकानों के रिकॉर्ड में कथित गड़बड़ियों का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निजी मकानों, प्लॉटों और मंदिरों तक को सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया गया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने जनसुनवाई में आवेदन देकर रिकॉर्ड की जांच कराने और त्रुटियों को सुधारने की मांग की है।



ग्रामीणों का दावा है कि नाहरगढ़ में करीब 6 से 7 हजार मकानों के रिकॉर्ड में 50 से 60 प्रतिशत तक त्रुटियां हैं। उनका कहना है कि सर्वे में संपत्तियों का विवरण सही तरीके से दर्ज नहीं होने से वास्तविक मालिकों को भविष्य में स्वामित्व और राजस्व संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

मामले को जनसुनवाई में उठाए जाने के बाद अपर कलेक्टर ने शिकायतों की जांच कराने तथा दोबारा घर-घर जाकर सत्यापन करवाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि जांच के दौरान पटवारी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित करने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि इतने बड़े स्तर पर रिकॉर्ड में त्रुटियों की शिकायत सामने आने पर जनप्रतिनिधियों और जननेताओं को भी इस मामले में ध्यान देना चाहिए, ताकि समस्या का समय पर समाधान हो सके। अब प्रशासन की जांच और पुनः सत्यापन के बाद ही रिकॉर्ड में वास्तविक त्रुटियों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। जनसुनवाई में अरुण भटनागर, ललित बोराना, गुड्डू मंसूरी, राकेश पंवार सहित अनेक लोग उपस्थित थे।